नोएडा/गाजियाबाद › गुरुवार, 5 अक्टूबर 2023 › अश्विन 13, शक संवत 1945, अश्विन, कृष्ण सप्तमी, विक्रम संवत 2080

WATCH GOD WATCHDOG

वर्ष 77, संख्या 237 › पेज 18* › मूल्य 4.00 या 9.00* रुपये द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित

www.nbt.in

NBT

नवभारत टाइम्स



रणबीर कपूर को ED ने बुलाया

देखें अंदर

नीरज चोपड़ा ने भाले से लगाया गोल्ड पर निशाना

देखें अंदर

पहले ही दिन नोएडा एयरपोर्ट से उड़ान भरेंगी 65 फ्लाइट

हवाई अड्डे का कमर्शल इस्तेमाल अक्टूबर 2024 में शुरू होगा

■ प्रमुख संवाददाता, ग्रेटर नोएडा

यमुना अथॉरिटी एरिया के जेवर में तैयार हो रहे नोएडा इंटरनैशनल एयरपोर्ट से अक्टूबर 2024 में कमर्शल फ्लाइट शुरू हो जाएंगी। दावा है कि पहले ही दिन 65 फ्लाइट जेवर से उड़ान भरेंगी। इनमें 62 डोमेस्टिक और एक कार्गो और दो इंटरनैशनल फ्लाइट होंगी। ये फ्लाइट कहां-कहां के लिए होंगी इसकी लिस्ट अभी आगे सामने आएगी। नोएडा इंटरनैशनल एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय पहचान DXN कोड मिलने के बाद तैयारियां और तेज हो गई हैं। निर्माण कार्य पूरी तेजी से चल रहा है। फरवरी 2024 के अंतिम सप्ताह से इस एयरपोर्ट का ट्रायल शुरू हो जाएगा। इसके लिए रनवे और एयर ट्रैफिक कंट्रोलर (एटीसी) को पहले तैयार किया जा रहा है।

बता दें कि दिल्ली एयरपोर्ट पर इन दिनों रोजाना एक हजार से ज्यादा विमान टेकऑफ और लैंड करते हैं। नोएडा इंटरनैशनल एयरपोर्ट अथॉरिटी लिमिटेड के सीईओ अरुणवीर सिंह ने बताया कि अक्टूबर 2024 में शुरू होने वाले इस एयरपोर्ट से किस डेट से जहाज उड़ान भरेंगे यह जल्द ही तय होगा। पहले दिन 65 फ्लाइट यहां से उड़ान भरेंगी। इसमें 62 फ्लाइट देश के ही विभिन्न शहरों के लिए होंगी। इंटरनैशनल फ्लाइट किन देशों के लिए होगी इसकी जानकारी भी जल्द दी जाएगी। हाल ही में घोषणा की गई है कि नोएडा इंटरनैशनल एयरपोर्ट को दुनिया भर में डीएक्सएन (DXN) कोड से जाना जाएगा। इंटनैशनल एयरपोर्ट असोसिएशन ने इस एयरपोर्ट को डीएक्सएन कोड जारी किया है, जो कि बेहद महत्वपूर्ण कोड माना जा रहा है। दुबई एयरपोर्ट को दुनिया भर में डीएक्सबी कोड से जाना जाता है और इसे डीएक्सएन कोड से जाना जाएगा। फ्लाइट शेड्यूल, टिकटिंग, बैगेज हैंडलिंग से लेकर कम्युनिकेशन, ऑपरेशन और लॉजिस्टिक को सुव्यवस्थित और विनियमित करने तक यह आईएटीए कोड एयरपोर्ट की पहचान को बरकरार रखने में मदद करता है।

युद्धस्तर पर चल रहा है एयरपोर्ट का काम

जेवर में एयरपोर्ट का काम इस समय युद्ध स्तर पर चल रहा है। करीब 7 हजार से ज्यादा वर्कर यहां 24 घंटे काम कर रहे हैं। बताया जा रहा है अगले कुछ महीने में छोटी-बड़ी करीब 20 बिल्डिंग यहां बन कर तैयार हो जाएंगी और इस साल के अंत तक इस एयरपोर्ट को एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया को हैंडओवर होना शुरू हो जाएगा, जिसमें कि सबसे पहले एयर ट्रैफिक कंट्रोलर (एटीसी) टावर हैंडओवर होगा।

62 डोमेस्टिक, एक कार्गो और दो इंटरनैशनल फ्लाइट के साथ होगी शुरुआत

2024 फरवरी के अंतिम सप्ताह से इस एयरपोर्ट का ट्रायल शुरू हो जाएगा

7 हजार से ज्यादा वर्कर 24 घंटे काम कर रहे हैं नोएडा एयरपोर्ट की साइट पर

3900 मीटर लंबे एक रनवे के साथ नोएडा एयरपोर्ट की होगी शुरुआत

ट्रायल शुरू करने की तैयारी

फरवरी 2024 के अंतिम सप्ताह से इस एयरपोर्ट का ट्रायल शुरू हो जाएगा। वहीं, कार्गो का निर्माण शुरू करने के लिए पिछले दिनों भूमि पूजन भी हो चुका है। अक्टूबर 2024 में जब यहां से कमर्शल फ्लाइट शुरू होगी तो उसके साथ ही कार्गो की फ्लाइट भी शुरू हो जाएगी।

जल्द तैयार हो जाएगा एटीसी

1334 हेक्टेयर में तैयार हो रहा यह एयरपोर्ट पहले चरण में 3900 मीटर लंबे एक रनवे के साथ शुरू होगा। इसके लिए 30 मीटर ऊंचा एटीसी टावर तैयार हो रहा है। बताया जा रहा है कि इस टावर को तैयार करने का काम 20 अक्टूबर तक पूरा हो जाएगा। पूरे एयरपोर्ट में एटीसी टावर बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है क्योंकि इसी से एयर ट्रैफिक कंट्रोल होता है। इसके तैयार होने पर फिर ट्रायल के लिए तैयारी शुरू हो जाएगी।